## दिसंबर तक चलेगी परीक्षा, इसी महीने रिजल्ट देने के प्रयास में विश्वविद्यालय

# स्नातक : चार सेमेस्टर की एक साथ नवंबर में होगी परीक्षा

**बीआरएबीयू**



- कोर्स पूरा करने को चलेगा अतिरिक्त क्लास
- बिहार विश्वविद्यालय प्रशासन ने लिया फैसला

**मुजफ्फरपुर, प्रसं।** नवंबर में स्नातक के चार सेमेस्टर की परीक्षा एक साथ ली जाएगी। बीआरएबीयू के परीक्षा विभाग ने इसका फैसला लिया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राम कुमार ने बताया कि कोर्स पूरा कराने के लिए सभी कॉलेजों में एक्सट्रा क्लास चलाया जाएगा, इसका निर्देश सभी कॉलेजों के प्राचार्यों को दिया जाएगा।

परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि नवंबर में स्नातक सत्र 2026-30 के प्रथम सेमेस्टर, सत्र 2025-29 के तीसरे सेमेस्टर, सत्र 2024-28 के पांचवें सेमेस्टर और सत्र 2023-27 के सातवें सेमेस्टर की परीक्षा ली जाएगी। परीक्षा दिसंबर तक चलेगी और दिसंबर में ही रिजल्ट जारी करने का प्रयास किया

है कि दिसंबर तक सत्र को नियमित करने के लिए सभी कोशिशें की जाएंगी। बीआरएबीयू में अभी स्नातक सत्र 2025-29 के दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा चल रही है। यह परीक्षा दो महीने पहले होंनी चाहिए थी। परीक्षा नियंत्रक का कहना है अब ये जो भी परीक्षाएं होंगी वह

ने परीक्षाओं का सत्र नियमित करने के लिए ऑड और इवेन सेमेस्टर में बांटकर परीक्षाएं लेने का निर्देश बीआरएबीयू समेत सभी विश्वविद्यालयों को दिया है। लोकभवन ने परीक्षा लेने के लिए एकेडमिक कैलेंडर भी जारी कर दिया है। सभी विश्वविद्यालयों को

### वोकेशनल कोर्स शुरू होने से पहले ही हो गई देर

बीआरएबीयू में वोकेशनल का कोर्स शुरू होने से पहले देर हो गयी। वोकेशनल कोर्स के नये सत्र में 25 जुलाई तक आवेदन लिये गए, वोकिन उसके बाद नामांकन की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई। वोकेशनल कोर्स में चार हजार छात्रों ने आवेदन किये हैं। आवेदन के 17 दिन बाद भी ये छात्र दाखिले की प्रक्रिया शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं। वोकेशनल कोर्स में दाखिले का जिम्मा विवि प्रशासन ने सीसीडीसी प्रो.. रजनीश गुप्ता को दिया है, लेकिन अबतक इसपर कोई बैठक या आदेश जारी नहीं किया गया है।

### बिना पार्ट का जिक्र किए एडमिट कार्ड जारी

बीआरएबीयू में बोनेवाली वोकेशनल की परीक्षा के लिए जारी एडमिट कार्ड में पार्ट का जिक्र नहीं है। कॉलेज को भेजे एडमिट कार्ड के ऊपर कोर्स और सत्र का नाम है। कॉलेजों ने बताया कि सवनी ज्यादा परेशानी बीसीए कोर्स के एडमिट कार्ड के साथ है। छात्रों ने बताया कि बीएएसी कोर्स के एडमिट कार्ड पर भी पार्ट का जिक्र नहीं है। कॉलेजों का कहना है कि एडमिट कार्ड के ऊपर छात्र किस पार्ट का है इसका जिक्र नहीं होने से एडमिट कार्ड के वितरण में परेशानी हो रही है। जिन छात्रों को एडमिट कार्ड दिये जा रहे हैं, बह भी सवाल कर रहे हैं कि एडमिट कार्ड पर पार्ट का जिक्र नहीं होने से उन्हें परीक्षा मों रिजल्ट में परेशानी तो नहीं आयेगी। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि एडमिट कार्ड में क्या छूक्ष हुई है, इसका यया